11.03.2026

DAINIK JAGRAN

बाहरी उत्तरी जिला पुलिस को मिला 'बेस्ट पुलिस यूनिट' अवार्ड

- कापीराइट का उल्लंघन करने वाले उत्पादों के खिलाफ चलाए गए अभियान के मिला अवार्ड
- पुलिस उपायुक्त को ट्राफी, प्रमाणपत्र और एक लाख रुपये की नकद राशि प्रदान की गई

जागरण संवाददाता, बाहरी दिल्ली : दिल्ली पुलिस के बाहरी उत्तरी जिला को बौद्धिक संपदा अधिकार (आइपी) के उल्लंघन पर प्रभावी कार्रवाई के लिए 'बेस्ट पुलिस यूनिट' अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान नकली और कापीराइट का उल्लंघन करने वाले उत्पादों के खिलाफ चलाए गए अभियान और अवैध नेटवर्क पर की गई सख्त कार्रवाई के लिए दिया गया है।

भारत मंडपम में नौ मार्च को आयोजित एक समारोह में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बाहरी उत्तरी जिला पुलिस के उपायुक्त हरेश्वर वी स्वामी को ट्राफी, प्रमाणपत्र और एक लाख रुपये की नकद राशि प्रदान की। बाहरी उत्तरी जिले ने बौद्धिक संपदा अधिकारों के उल्लंघन से जुड़े मामलों में कई बड़ी कार्रवाई की हैं। पुलिस टीमों ने नकली और अवैध उत्पाद बनाने व बेचने वाले गिरोहों के खिलाफ कई छापेमारी कर बड़ी मात्रा में सामान जब्त किया। लगातार जांच और कार्रवाई के जरिए ऐसे कई नेटवर्क को तोड़ने में सफलता मिली है, जो नकली उत्पादों के निर्माण और वितरण में शामिल थे। यह उपलब्धि हरेश्वर वी स्वामी के नेतृत्व में हासिल हुई है। इस कार्य में संयुक्त पुलिस आयुक्त विजय सिंह, विशेष पुलिस आयुक्त (जोन-1) रविंद्र यादव और दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलछा के मार्गदर्शन और निगरानी का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। बाहरी उत्तरी जिला पुलिस आगे भी बौद्धिक संपदा अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखेगी, ताकि वैध व्यापार और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा की जा सके और नकली उत्पादों के कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।



बाहरी-उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वर वी स्वामी को केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल 'बेस्ट पुलिस यूनिट' अवार्ड देते हुए • सौ दिल्ली पुलिस